## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर सम्मानित होंगे जिले के 100 वर्ष से अधिक आयु के 11 मतदाता

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के मंशानुरूप प्रतिवर्ष 01 अक्टूबर को विश्व स्तर पर वृद्धजनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस का आयोजन किया जाता है। ऐसे वरिष्ठ मतदाताओं का भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे सभी मतदाताओं जिनकी उम्र 100 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है उनका सम्मान किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्रवार 100 वर्ष पूर्ण कर चुके जिन मतदाताओं को सम्मान किया जाएगा। इनमें विधानसभा रायगढ़ की 100 वर्षीय द्रोपदी गुप्ता, सारंगढ़ की 116 वर्षीय सहसमती पटेल एवं 114 वर्षीय चमारिन यादव, लैलूंगा की 105 वर्षीय काजल सतनामी, खरसिया के 101 वर्षीय पर्रीबाई महंत, 101 वर्षीय पदमावती महंत एवं 101 वर्षीय जमुना बाई साहू तथा विधानसभा धरमजयगढ़ के 111 वर्षीय दशमेत बैगा, 101 वर्षीय बूंदकुंवर राठिया, 108 वर्षीय इतवारी कोरवा एवं 102 वर्षीय घसिया माझी शामिल है।

### पटवारी चयन परीक्षा : पूर्व में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 10 अक्टूबर को

**रायगढ़।** कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 2022-के संबंध में मेरिट सूची के आधार पर कुल 30 पदों के लिए वर्गवार अनारक्षित, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग में मुक्त एवं महिला के 27 पदों के विरूद्ध 4 के मान से 108 अभ्यर्थियों तथा भूतपूर्व सैनिक के 3 पदों के विरूद्ध 12 अभ्यर्थियों का गत दिवस काउंसिलिंग आयोजित कर उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रमाण-पत्रों/मूल दस्तावेजों का परीक्षण/सत्यापन किया गया। उक्त काउन्सलिंग में कुल 120 अभ्यर्थियों में से 82 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 38 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाये गये। गत दिवस काउंसिलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पुन: सूचित किया गया है, साथ ही भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के वरियता क्रम अनुसार अनारक्षित वर्ग के 8 एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 4 कुल 12 अतिरिक्त अभ्यर्थियों को भी आहूत किया गया है कि वे जिला कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में 10 अक्टूबर 2022 को प्रात:10.30 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते है। अनुपस्थिति की दशा में पटवारी प्रशिक्षण हेतु संबंधित चयन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित अभ्यर्थी कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा रायगढ़ के सूचना पटल/वेबसाईट https://raigarh.gov.in पर सूची का अवलोकन कर सकते है।

### कलेक्टर वेंकट ने धान खरीदी की तैयारियों को लेकर राईस मिलर्स की ली बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी धान खरीदी को लेकर खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा भी बैठक में मौजूद रहे। कलेक्टर वेंकट ने राईस मिलर्स से धान खरीदी के साथ उसके भण्डारण तथा निराकरण के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों तथा स्थानीय व्यवस्था के आधार पर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मिल पंजीयन एवं कस्टम मिलिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए मिलर बारदाना एवं पीडीएस बारदाना की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नया मिल पंजीयन एवं पुराना पंजीयन का आवेदन, फोर्टिफाइड राइस हेतु आवश्यक मशीनरी की व्यवस्था, वर्ष 2021-22 के धान उठाव के विरूद्ध चावल जमा की स्थिति, अंतर्जिला धान उठाव की अनुमानित कार्यक्षमता, चावल जमा हेतु आवश्यक गोदाम की व्यवस्था, एफसीआई में चावल जमा हेतु टेगिंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

# जैविक कृषि को बढ़ावा देने किसानों को उपलब्ध करवायें सुविधाएं, फसल विविधीकरण को करें प्रोत्साहित -कलेक्टर

**कलेक्टर साहू ने कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग की ली संयुक्त बैठक**





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियावयन की अद्यतन जानकारी सीईओ जनपद और विभागीय अधिकारियों से ली।

कलेक्टर साहू ने जिले में जैविक खेती की क्षेत्र विस्तार की जानकारी ली। उन्होंने कहा की जैविक कृषि के लिए प्रमाणीकरण के पश्चात किसानों को अधिक लाभ प्रदान करने के लिए फसल संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए। इसके अलावा जैविक कृषि करने वाले किसानों को सिंचाई सुविधा भी प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान दोनों फसल आसानी से ले सकें। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए, धान के अलावा अन्य फसलों के क्षेत्र विस्तार के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने गोधन न्याय योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से जिले के गोबर एवं गौमूत्र खरीदी करने वाले शहरी, ग्रामीण एवं वन गोठानों की जानकारी ली। उन्होंने वन्य गोठानों को पूर्ण करने एवं खरीदी बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश डीएफओ को दिए। इसके अलावा कम गोबर विक्रय करने वाले वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। गोबर खरीदी किए जा रहे गोठानों की जानकारी लेते हुए शून्य गोबर खरीदी करने वाले गोठानों एवं अधिकारी पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में अति एवं अल्प वर्षा से होने वाली क्षति आंकलन की जानकारी ली। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि सरिया एवं पुसौर विकासखण्ड अति वर्षा से प्रभावित है, जिससे संबंधित प्रकरण बनाये जा रहे है। इसके अलावा जिले में अल्प वर्षा से कोई भी क्षेत्र प्रभावित नहीं है।

उद्यानिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर साहू ने कहा कि विभाग द्वारा आर्गेनिक खाद्य उत्पादों को सी-मार्ट में उपलब्ध कराने के अलावा किसानों की आय बढ़ाने के लिए मशरूम की खेती को बढ़ावा दें। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के साथ ही किसानों को विभिन्न प्रकार आय मूलक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जिले के जिन स्थानों में खाद्य उत्पादों की पैदावार अधिक मात्रा में होती है, उनके प्रोसेसिंग के लिए कार्ययोजना तैयार करें जिससे समूह को लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने रीपा अंतर्गत किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने जनपद सीईओ को रीपा में किए जा रहे कार्यों की प्रजेन्टेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने राम वन पथ गमन मार्ग की जानकारी लेते हुए मार्ग में आने वाले ग्राम पंचायतों में रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए।

कलेक्टर साहू ने नरवा एवं नरेगा के कार्यों की भी समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि नरवा निर्माण के पश्चात भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ ही सिंचित क्षेत्र में विस्तार हुआ है। जिस पर कलेक्टर साहू ने उन रकबा एवं किसानों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नरेगा के कार्यों की भी समीक्षा की। अप्रारंभ कार्यों पर संबंधित जनपद सीईओ को पत्र लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने नरेगा के कार्यों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं नरवा निर्माण के कार्यों में वृद्धि के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, उप संचालक पशुपालन डॉ.आर.एच.पाण्डेय, उप संचालक कृषि हरीश राठौर, सहायक संचालक उद्यानिकी कमलेश दीवान एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहे।

**माहवारी स्वच्छता पर किया जाए जागरूक-** कलेक्टर साहू ने माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन पर किए जा रहे कार्य की समीक्षा की। पावना अभियान से मोनिका इजारदार द्वारा बताया गया कि जिले के दो स्थानों में सेनेटरी पेड बनाये जा रहे है। जिस पर कलेक्टर साहू ने कहा कि पावना द्वारा निर्मित सेनेटरी पेड अच्छी है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ शहरी क्षेत्र के मेडिकल स्टोर में भी उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में माहवारी स्वच्छता पर किशोरी एवं महिलाओं को सेनेटरी पेड इस्तेमाल के लिए जागरूक किया जाए।

## जिला रायगढ़ की कार्यवाही, नल से महुआ शराब सप्लाई करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** सचिव सह आबकारी आयुक्त निरंजन दास एवं प्रबंध संचालक सीएसएमसीएल ए.पी त्रिपाठी के द्वारा दिए गए निर्देश के तारतम्य में जिला रायगढ़ में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाहियां जारी हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर रानू साहू एवं सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के निर्देश पर 28 सितम्बर 2022 को महुआ शराब की अवैध बिक्री के विरूद्ध आबकारी वृत्त खरसिया प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल ने कार्रवाई की है।

मुखबिर से सूचना मिलने पर मनोज जोल्हे पिता लालाराम उम्र 40 वर्ष साकिन हरिजन मोहल्ला, अंजोरीपाली चौकी खरसिया के रिहायशी मकान की सघन जांच करने पर पाया गया कि ऊपर छत में एक छिपी हुई टंकी बनाई गई थी जिसमें महुआ शराब भरी जाती थी और नीचे घर में एल्यूमीनियम के गेट के सहारे छिपा कर एक पाइप से नल लगा कर रखा गया था इस नल से ही आवश्यकतानुसार ग्राहकों को महुआ शराब निकाल कर बेची जाती थी। आरोपी के संज्ञान अधिपत्य से कुल 30 लीटर महुआ मदिरा, आबकारी टीम के साथ मदिरा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34 (2)एवं 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिला की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल द्वारा की गयी। इस दौरान हमराह स्टाफ आबकारी उडऩ दस्ता प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक रमेश सिदार, आबकारी आरक्षक प्रवीण जांगड़े, कुलदीप ठाकुर, मनोज तिवारी, तेजराम साहू, महिला नगर सैनिक अन्नू ठाकुर, उर्सेला, सरोज एवं वाहन चालक उमेश साहू उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री बघेल की घोषणाओं पर तेजी से हो अमल -कलेक्टर साहू

**कलेक्टर साहू ने अधिकारियों की बैठक लेकर अब तक हुई कार्यवाही की समीक्षा की, त्वरित क्रियान्वयन के लिए विभागों को दिए निर्देश**

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायगढ़ प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं पर की गई कार्यवाही एवं क्रियान्वयन पर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर साहू ने विभागीय अधिकारियों से घोषणाओं पर उनके विभाग द्वारा की गई कार्यवाही पर विस्तृत चर्चा करते हुए अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन घोषणाओं पर जिला स्तर पर कार्यवाही की जा सकती है, उनका प्राक्कलन तत्काल बनायें। जिससे उन घोषणाओं को स्वीकृति प्रदान कर प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने स्वेच्छानुदान घोषणाओं पर पत्राचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अमल लाने गंभीरता पूर्वक कार्य करें।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के मंशानुरूप हाट-बाजारों में वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश की जानकारी ली। जिस पर सीएमएचओ ने बताया कि वर्तमान में जिले में 24 बोलेरो के साथ 4 एमएमयू के द्वारा हाट-बाजार में चिकित्सा सेवा दी जा रही है। कलेक्टर साहू ने कहा की इनके माध्यम से गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को चिन्हांकित कर उनका इलाज स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही उनका नियमित फॉलोअप ले। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन, नामकरण, बाउंड्रीवाल, नवीन भवन से संबंधित कार्यों के प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने एवं चिकित्सकों की भर्ती के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के साज-सज्जा के साथ वहां आवश्यक मूलभूत कार्य करने के निर्देश कलेक्टर साहू ने डीईओ को दिए। इसी प्रकार गोठानों के निर्माण, तालाब सौंदयीकरण जैसे कार्यों को पंचायत एवं नरेगा अंतर्गत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत सब-स्टेशन निर्माण घोषणा पर किए गए कार्य की जानकारी ली। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा बताया गया की सब-स्टेशन के लिए जमीन का चयन, आबंटन कार्य पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया चुका है। पुलिस चौकी एवं पुलिस सहायता केन्द्र निर्माण के विषय पर आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घोषणा अनुरूप हाथी प्रभावित में लगाए जाने वाली हाईमास्क लाइट की जानकारी ली, जिस पर धरमजयगढ़ डीएफओ द्वारा बताया कि प्राक्कलन बना लिया गया है, जो हाथी प्रभावित गांवों में लगाया जाएगा। घोषणाओं के अनुरूप पुल-पुलिया निर्माण से संबंधित कार्यों के लिए प्राक्कलन बना कर कार्य प्रारंभ करने विभाग को निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर साहू ने उप कोषालय, अपेक्स एवं सहकारी बैंक स्थापना के लिए आवश्यक पत्राचार के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर साहू ने आयुक्त आदिम जाति को जिले के आश्रम व छात्रावासों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के साथ वहां लगे खिड़की व दरवाजों के मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## युवती को ब्लैकमेलिंग व धमकी देने वाले युवक को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में आज चक्रधरनग पुलिस द्वारा यौन उत्पीड़न मामले के फरार आरोपी सुरेन्द्र कनेरी निवासी सीपत बिलासपुर को गोवर्धनपुर इलाके में दबिश देकर पकड़ा गया। दिनांक 27.09.2022 को 19 वर्षीय युवती द्वारा थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर आरोपी के विरूद्ध यौन उत्पीड़न (धारा 509-ख आईपीसी) के तहत अपराध पंजीबद्ध करायी थी जिसके बाद से आरोपी फरार था।

पीड़ित युवती तत्कालीन थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता को बताई कि जांजगीर चांपा की रहने वाली है, करीब दो साल पहले से किराये के मकान लेकर पढाई कर रही है। इसके गांव का परिचित व्यक्ति इसके पडोस में रहता है। उसका भतीजा सुरेन्द्र कनेरी निवासी सीपत बिलासपुर भी उसके साथ रायगढ़ में रहता था जिससे जान परिचय हुआ। सुरेन्द्र कनेरी प्यार का इजहार किया, उसके ये उसके ओर आकर्षित होकर मोबाइल पर बातचीत करती थी। एक साल रायगढ़ में रहने के बाद सुरेन्द्र कनेरी बिलासपुर चला गया। करीब दो माह पहले सुरेन्द्र कनेरी अपने मोबाइल से व्हाटसप विडियो कालिंग कर बातचीत किया और इस दौरान काफी आपत्तिजनक विडियो Screen Reacoding से मोबाइल पर सेव कर लिया जिसे बाद में दिखाकर रायपुर मिलने के लिये बुलाया, मना करने पर फोटो विडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दिया और इसके रिस्तेदारों के पास विडियो भेज दिया। सुरेन्द्र कनेरी के कृत्य से मानसिक रूप से परेशान हुई और सुरेन्द्र केनरी पर कार्रवाई के लिए दिनांक 27.06.2022 को आवेदन थाना चक्रधरनगर में दिया गया, आवेदन पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दबिश दिया गया जो फरार था। आज दोपहर मुखबिर सूचना पर आरोपी आरोपी सुरेन्द्र कनेरी उम्र 22 साल निवासी सीपत बिलासपुर को रायगढ़ गोवर्धनपुर के पास हिरासत में लेकर थाना लाया गया, जिससे घटना में प्रयुक्त मोबाइल जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में सहायक उप निरीक्षक महिपाल सिंह एवं हमराह स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही है।

## जमानत में छूटने के बाद आरोपी ने फिर किया लूटपाट, जूटमिल पुलिस लिया हिरासत में

**हलवाई से लूटपाट मामले में भेजा गया था जेल, अब पेंटर से लूटपाट मामले में हुआ गिरफ्तार**



**रायगढ़।** दिनांक 27.09.2022 की रात्रि पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत बजरंगपारा निगम कॉलोनी में रहने वाले संजय भट्ट द्वारा काम कर घर लौट रहे व्यक्ति से लूटपाट करने की सूचना चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को मिली। चौकी प्रभारी द्वारा प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी के हमराह आरक्षक बनारसी सिदार, धनुर्जय चंद बेहरा, सरोज सिदार को आरोपी संजय भट्ट की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए रवाना किए बारिश दौरान जूटमिल स्टाफ द्वारा इलाके में छापेमारी कर आरोपी संजय भट्ट को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। घटना के संबंध में पीड़ित प्रताप सिंह ठाकुर (उम्र 36 साल) निवासी बजरंग पारा निगम कॉलोनी पुलिस चौकी जूटमिल के रिपोर्ट पर आरोपी संजय भट्ट के विरुद्ध लूट का अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पीड़ित बताया कि पुताई का काम करता है, कल दिनांक 27.09.2022 के रात करीब 11:00 बजे काम से लौटने के दौरान निगम कॉलोनी के रहने वाले संजय भट्ट के द्वारा चाकू अड़ा कर मारपीट की धमकी देकर जेब से रु.1500 लूट लिया है। आरोपी संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी पिता बादल सोनवानी उम्र 22 वर्ष निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली पर धारा 392 IPC के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी एसआई के.के. पटेल, प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, धर्नुजय चंद बेहरा, सरोज सिदार प्रमुख रूप से शामिल थे।

आरोपी संजय भट्ट सप्ताह भर पहले 20 सितंबर को अपने भाई कुमार भट्ट और साथी गणेश सारथी, सोहन सारथी के साथ मिलकर जूटमिल देवारपारा में रहने वाले हलवाई सहानी यादव से बेवजह झगड़ा, मारपीट कर नगद 9,000 रूपये की लूट किए थे। मामले में जूटमिल पुलिस दूसरे ही दिन आरोपी संजय भट्ट उर्फ संजय सोनवानी (22 साल) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था जो जमानत पश्चात फिर लूटपाट किया।

## कृषकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़।** सुरेन्द्र शर्मा अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा), महेन्द्र चन्द्राकर उपाध्यक्ष, नागेन्द्र नेगी सदस्य एवं शरद यादव सदस्य छ.ग. राज्य कृषक कल्याण परिषद के आज रायगढ़ प्रवास के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ निराकार पटेल की उपस्थिति में जिला पंचायत रायगढ़ के सभागार में कृषि तथा संबंद विभाग राजस्व एवं जिला पंचायत के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें राज्य शासन द्वारा कृषकों के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी विकास योजना, गोधन न्याय योजना जो राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना है उसका लाभ किसानों तक पहुंचाने तथा योजना को सफल बनाने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में जिले से विभिन्न विकासखण्डों से आये किसान एवं स्व-सहायता समूहों से भी चर्चा किये। प्रत्येक गोठान में गोबर खरीदी अधिक से अधिक हो तथा वहाँ के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया। गोठानों में वहां के स्थिति एवं आवश्यकता का सही आंकलन कर रीपा के माध्यम से मल्टीएक्टीविटिस लिया जावे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके एवं किसानों को लाभ मिले। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को और कैसे बेहतर ढंग से संचालित किया जाये ताकि अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके सुझाव भी लिया गया तथा कृषकों के समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, बिलासपुर, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, कृषि अनुशंधान केन्द्र, के.व्ही.के. के वैज्ञानिक, रेशम विभाग, उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग, जल संसाधन विभाग, बीज विकास निगम, क्रेडा, अपेक्स बैंक, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला पंचायत के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हमर बेटी, हमर मान : अभियान के तहत रायगढ़ व खरसिया के स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्राओं को दी गई अभिव्यक्ति ऐप, डायल 112, पास्को और कानूनी प्रावधानों की जानकारी**

**रक्षा टीम गर्ल्स ने रायगढ़ से की अभियान की शुरुआत, कॉलेज छात्राओं ने ली रक्षा प्रभारी से अपनी समस्याओं पर परामर्श**



**रायगढ़/खरसिया।** मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेटियों को सशक्त और सुरक्षित करने के उद्देश्य से राज्य में अभियान "हमर बेटी हमर मान" की शुरूवात किया गया है। अभियान "हमर बेटी हमर मान" के सफल क्रियान्वन के लिए एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा इकाई में एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय को अभियान का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं जिनके नेतृत्व में 08 सदस्यीय महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीम का गठन किया गया है जो जनजागरूकता, अभिव्यक्ति ऐप का प्रचार-प्रसार, महिला पेट्रोलिंग, प्रशिक्षण, अपराध विवेचना आदि महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन करेगी।

इसी कड़ी में आज दिनांक 29.09.2022 को एसडीओपी खरसिया एवं "हमर बेटी हमर मान" अभियान की नोडल अधिकारी निमिषा पांडे के नेतृत्व में कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल खरसिया में हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थिति रहे। निमिषा पांडे द्वारा छात्राओं को उनकी सुरक्षा के संबंध में कानूनी प्रावधानों, अभिव्यक्ति, डायल 112 और पास्को , साइबर क्राइम ,यातायात नियमों, गुड टच बैड टच एवं अभिव्यक्ति एप के संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम दौरान खरसिया एसडीओपी निमिषा पाण्डेय एवं प्रधान महिला आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा बेटियों के सम्मान और मान को प्राथमिकता देने की छात्राओं को शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर के जरिए सीधे संवाद करके छात्राओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया। शासकीय नगरपालिका कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसिया कुल 170 छात्राएं प्रभारी प्राचार्य श्याम लाल राठिया एवं शिक्षिकाएं अफरोज साबरी,श्रीमती सुनीता राजपूत,श्रीमती ज्योति राठौर बबीता राठौर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम बेहद सार्थक एवं सफल रहा। सभी बालिकाओं ने राज्य शासन और पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के इस पहल की पूरी पूरी प्रसंशा की। स्कूल की प्राचार्य ने आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य श्याम लाल राठिया पुलिस की इस पहले को बेहद सार्थक बताते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम कराए जाने का अनुरोध किया है।

गर्ल्स कॉलेज में रक्षा टीम प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा एवं उनके स्टाफ द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कॉलेज आते-जाते समय छेड़खानी से कैसे निपटा जाए इस संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही यौन शोषण, साइबर अपराध एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर ऐप डाउनलोड कराया गया व अलग-अलग विषयों पर छात्राओं को उपर्युक्त परामर्श भी दिया गया। छात्राओं से कहा गया कि किसी भी प्रकार छेड़खानी की घटनाओं को दबाए नहीं आवाज उठाएं पुलिस हर प्रकार की सहायता करेगी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480